राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय,

बिहार, पटना

विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के योगदान एवं प्रशिक्षण से संबंधित आवश्यक सूचना

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के विज्ञापन संख्या–BCECEB/REV/DLRS 2023/01, 2023/02, दिनांक–11.04.2023 एवं 2023/3 दिनांक–12.05.2023 CBT के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना अन्तर्गत चयनित विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो, अमीन एवं लिपिक को सूचित किया जाता है कि उन्हें आवंटित जिलों में योगदान देने का विस्तृत कार्यक्रम पूर्व से निर्धारित है। इस सूचना के माध्यम से पुनः स्मारित किया जाता है कि उक्त **विशेष सर्वेक्षण कर्मी निर्धारित अंतिम तिथि–10.07.2024 तक अपने–अपने जिलों में निश्चित रूप से योगदान देना सुनिश्चित करेंगे।**

संबंधित कर्मियों को यह भी सूचित करना है कि उनका प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 11.07.2024 से निर्धारित है। विभिन्न जिलों से चयनित विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारियों के प्रथम बैच का प्रशिक्षण पटना स्थित राजस्व सर्वे प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर में होगा जबकि विशेष सर्वेक्षण कानूनगो के प्रथम बैच का प्रशिक्षण, राजस्व सर्वे प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया में प्रारंभ होगा। अमीन एवं लिपिक का प्रशिक्षण उन्हें आवंटित जिलों में दिनांक 11.07.2024 से प्रारंभ होना निर्धारित है।

अपर मुख्य सचिव

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,

बिहार, पटना।